# संस्कृत
# मन्दाकिनी

संस्कृत

# मन्दाकिनी

## प्रथमो भागः

## एकादशवर्गीय संस्कृतस्य पाठ्यपुस्तकम्

(विज्ञानवाणिज्य-छात्रेभ्यः)

संपादक

डॉ० कमलाकान्त मिश्र

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

**प्रथम संस्करण**
मई 2002
**बैसाख** 1924

**PD 5T ML**

SBN NO. 81-7450-054-5



**एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन विभाग के कार्यालय**

| | | | |
|---|---|---|---|
| एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस | 108, 100 फीट रोड, होस्डेकेरे | नवजीवन ट्रस्ट भवन | सी.डब्लू.सी. कैंपस |
| श्री अरविंद मार्ग | हेली एक्सटेंशन बनाशंकरी III इस्टेज | डाकघर नवजीवन | 32, बी.टी. रोड, सुखचर |
| **नई दिल्ली 110 016** | **बैंगलूर 560 085** | **अहमदाबाद 380 014** | **24 परगना 743 179** |

## प्रकाशन सहयोग

*संपादन* : एम.लाल
*उत्पादन* : प्रमोद रावत
राजेन्द्र चौहान
बालकृष्ण

एन.सी.ई.आर.टी. वाटर मार्क 70 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित ।

प्रकाशन प्रभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा अजय आफसेट प्रिंटर्स, WZ-572 C, नारायणा गाँव, नई दिल्ली - 110 028 द्वारा मुद्रित।

# पुरोवाक्

अस्माकं शिक्षाव्यवस्थायां संस्कृतस्य ज्ञान-विज्ञान-महत्त्वं स्वीकृत्य विद्यालयेषु संस्कृतशिक्षणार्थम् आदर्शपाठ्यक्रम-पाठ्यपुस्तकादीनां विकासक्रमे राष्ट्रियशैक्षिकानुसंधानप्रशिक्षणपरिषदः सामाजिकविज्ञान- मानविकी-शिक्षा-विभागेन षष्ठकक्षातः द्वादशकक्षापर्यन्तं नवीनराष्ट्रियपाठ्यचर्यानुरूपम् आदर्शपाठ्यक्रमं निर्माय संस्कृतपाठ्यपुस्तकानि विकास्यन्ते। अस्मिन्नेव क्रमे विज्ञानवाणिज्याधीयमानानां एकादशवर्गीयच्छात्राणां कृते प्रमुखेभ्यः संस्कृतग्रन्थेभ्यः गद्यपद्यनाटकमयान् उपयुक्तानंशान् सङ्कलय्य भूमिका-टिप्पण्यादिना समलङ्कृत्य प्रस्तूयतेऽधुना ***संस्कृतमन्दाकिनी (प्रथमो भागः)*** नामधेयं नूतनपुस्तकमिदम्।

संस्कृतभाषाज्ञानेन सह छात्रेभ्यः आयुर्विज्ञानम्, खगोलविज्ञानम्, ऋतुविज्ञानम्, रसायनविज्ञानम्, गणितशास्त्रम् इत्यादिषु विविधवैज्ञानिकविषयेषु वाणिज्यविषयेऽपि च प्राचीनभारतीयमनीषिणां मौलिकचिन्तनस्य तेषां विशिष्टयोगदानस्य च परिचयं प्रदातुं पुस्तकस्यास्य उद्देश्यं वर्तते। छात्रेषु जीवनमूल्यविकासाय अपेक्षितसुभाषितादिसामग्री अपि अत्र समाविष्टा।

अस्य पुस्तकस्य निर्माणे येषां विदुषाम् अनुभविनाम् अध्यापकानां च सहयोगः प्राप्तः, तान् प्रति परिषदियं हार्दिक्यं कार्तज्ञ्यं प्रकटयति। पुस्तकं उपयुक्ततरं विधातुं विदुषाम् अध्यापकानां परामर्शाः सदैव अस्माकं स्वागतार्हाः भवेयुः।

**जगमोहनसिंहराजपूतः**

नवदेहली — ***निदेशकः***

जनवरी, 2002 — राष्ट्रियशैक्षिकानुसंधानप्रशिक्षणपरिषद्

# पाठ्य-पुस्तक-निर्माण-समिति

## पाठ्यसामग्री-निर्माण-समिति

**कमलाकान्त मिश्र** — *प्रोफेसर,* संस्कृत (संयोजक)

**उर्मिल खुंगर** — *सेलेक्शन ग्रेड लेक्चरर,* संस्कृत

**कृष्णचन्द्र त्रिपाठी** — *रीडर,* संस्कृत

## पाण्डुलिपि-समीक्षा-संशोधन कार्यगोष्ठी के सदस्य

1. **विद्यानिवास मिश्र**
   *पूर्व कुलपति,*
   सम्पूर्णानन्द संस्कृत
   विश्वविद्यालय वाराणसी
2. **आद्याप्रसाद मिश्र**
   *पूर्व कुलपति,*
   इलाहाबाद विश्वविद्यालय
3. **पंकज चाँदे**
   *कुलपति,* कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत
   विश्वविद्यालय, रामटेक, नागपुर
4. **कैलाशपति त्रिपाठी**
   *अवकाश प्राप्त अध्यक्ष,* साहित्य विभाग
   सम्पूर्णानन्द संस्कृत
   विश्वविद्यालय वाराणसी
5. **राजेन्द्र प्रसाद दूबे**
   *प्रोफेसर,* संस्कृत विभाग
   *राँची विश्वविद्यालय*
6. **वासुदेव शास्त्री**
   *अवकाश प्राप्त प्रभारी संस्कृत,*
   राज्य शैक्षिक अनुसंधान
   एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर
7. **गणेशदत्त शर्मा**
   *पूर्व प्राचार्य,*
   लाजपतराय महाविद्यालय, साहिबाबाद
8. **पुनीता शर्मा**
   *रीडर,* संस्कृत,
   श्री वेङ्कटेश्वर महाविद्यालय, नई दिल्ली
9. **एम. चन्द्रशेखर**
   *रीडर,* शिक्षाशास्त्र विभाग,
   रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यालय, जम्मू
10. **रमण कुमार शर्मा**
    *रीडर,* संस्कृत, मोतीलाल नेहरु कालेज,
    धौलाकुँआ, नई दिल्ली
11. **भास्करानन्द पाण्डेय**
    *पी.जी.टी.,* संस्कृत,
    राज. उच्च. माध्य. बाल विद्यालय,
    एस.पी.रोड, नाँगलोई,
12. **परमानन्द झा**
    *पी.जी.टी.,* संस्कृत,
    राज. उच्च. माध्य. बाल विद्यालय,
    आदर्श नगर, दिल्ली
13. **रविदत्त पाण्डेय**
    *अवकाशप्राप्त पी.जी.टी.,* संस्कृत
    राज. उच्च. माध्य. बाल विद्यालय,
    झिलमिल कालोनी, दिल्ली
14. **सन्तोष कोहली**
    *उप-प्रधानाचार्या,* सर्वोदय कन्या विद्यालय
    कैलाश एंक्लेव, रोहिणी दिल्ली
15. **कुलवन्त कौर**
    *उपप्रधानाचार्या,* केन्द्रीय विद्यालय,
    जे.एन.यू कैम्पस, नई दिल्ली
16. **दया शंकर तिवारी**
    *प्रोजेक्ट फेलो,* संस्कृत, सा.वि.मा.शि.वि.
    रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

# भूमिका

संस्कृत भाषा एवं उसका वाङ्मय प्रारंभ से ही भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान-विज्ञान का आधार रहा है। यह गंभीर शास्त्रज्ञान पारलौकिक चिंतन तथा वैज्ञानिक विवेचन का एकमात्र स्रोत है। वेद, वेदांग, दर्शन, धर्मशास्त्र, नीति और व्यवसाय जैसे सर्वांगीण विषयों और सार्वजनीन तथ्यों को ऐहिक और पारलौकिक उपलब्धियों की दृष्टि से जितना संस्कृत साहित्य में एकत्र प्रस्तुत किया गया उतना अन्यत्र भाषा-साहित्य में नहीं मिलता। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि एक ओर जहाँ इसमें मानवीय संवेदना से जुड़कर काव्य की रचनाएँ हुईं वहीं दूसरी ओर विज्ञान और शास्त्रविमर्श से जुड़ी चिंतनधाराएँ भी समानांतर स्तर पर विद्वानों की लेखनी से विकसित हुईं। काव्य, नाटक तथा खगोलविज्ञान, ऋतुविज्ञान, रसायन, आयुर्वेद जैसे वैज्ञानिक विषयों का भी पल्लवन संस्कृत कविता के माध्यम से होता रहा। यहाँ तक कि जीवन-मूल्यों, वैज्ञानिक तथ्यों, वाणिज्यिक सिद्धांतों और आर्थिक, राजनैतिक विमर्शों पर भी संस्कृत की विविध विधाओं में रचनाएँ हुईं जिनमें चिंतन की गहराई है एवं समस्त मानवता के लिए कल्याणकारी कामना है।

संस्कृत का महत्त्व भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी स्वीकार कर लिया गया है। संस्कृत का भाषावैज्ञानिक धरातल इनमें अन्यतम कारण है। भारोपीय भाषाओं ने बहुत सारे शब्दों को आत्मसात् कर लिया है, जिनकी व्युत्पत्ति जानने के लिए संस्कृत भाषा का अनुशीलन अपेक्षित है।

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से भी संस्कृत भाषा और इसके वाङ्मय का महत्त्व श्लाघनीय है। मानवीय मूल्यों के संरक्षण और भारतीय अस्मिता के संवर्धन के लिए संस्कृत के अध्ययन के महत्त्व का अनुभव सभी करते हैं।

**प्रस्तुत संकलन**

संस्कृत वाङ्मय में अति प्राचीन काल से ललित साहित्य एवं जीवनमूल्यों के साथ-साथ विविध वैज्ञानिक ज्ञान गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र, खगोलविज्ञान, आयुर्वेद, यंत्रविज्ञान, भूगर्भशास्त्र, वास्तुशास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य आदि से सम्बद्ध प्रचुर सामग्री उपलब्ध है जो आज भी नितांत उपादेय है। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर संस्कृतशिक्षण कलावर्ग तक सीमित है। परिणामतः विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्र संस्कृत में निहित वैज्ञानिक ज्ञान की परम्परा से वंचित रह जाते हैं। इस कमी को दूर करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की प्रेरणा से केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के विज्ञान एवं वाणिज्य पढ़ने वाले उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए ऐच्छिक संस्कृत का एक विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया है। परिषद् द्वारा प्रकाशित 'विद्यालयीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' 2000 के आलोक में विकसित नवीन पाठ्यक्रम की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उच्चतर माध्यमिक स्तर पर छात्रों को संस्कृत की व्यापक वैज्ञानिक एवं वाणिज्यिक चिंतन-परंपरा से परिचित कराने के लिए विशेषज्ञों एवं अनुभवी अध्यापकों द्वारा प्रदत्त परामर्श के अनुसार ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान एवं वाणिज्य के छात्रों के लिए ***संस्कृत-मंदाकिनी (प्रथमो भागः)*** नामक नवीन पाठ्यपुस्तक प्रस्तुत है।

ग्रंथ का उद्देश्य संस्कृत के ललित साहित्य एवं जीवन-मूल्य विषयक सूक्तियों के साथ ज्योतिर्विज्ञान, रसायनविज्ञान, ऋतुविज्ञान, आयुर्विज्ञान, खगोलविज्ञान तथा वाणिज्य से संबंधित विषयों से छात्रों को परिचित कराना है। भाषा-कौशल के समुचित विकास के लिए अपेक्षित सामग्री के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय मनीषियों के मौलिक-चिंतन एवं विशिष्ट योगदानों से छात्रों को परिचित कराना इस संकलन का उद्देश्य है। साथ ही राष्ट्रीय-गौरव की भावना को विकसित करना भी इसका अन्यतर लक्ष्य है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वेद, उपनिषद्, नीति, रामायण, महाभारत, नाटक, आयुर्वेद, दर्शन, ज्योतिर्विज्ञान एवं अर्थशास्त्र से संबद्ध प्रतिनिधिभूत ग्रंथों से सामग्री संकलित की गई है।

इस पाठ्यपुस्तक में सामग्री-संकलन दो दृष्टियों से किया गया है। प्रथमतः परंपरागत रूप में प्रचलित वेद, उपनिषद्, महाभारत, नाटक आदि से व्यवहारोपयोगी

अंशों का संकलन किया गया है। उनमें भी ध्यान यह रखा गया है कि प्रदत्त प्रसंग में पर्यावरण, विज्ञान, आयुर्वेद जैसे जीवनोपयोगी विषयों की विवेचना हो। पुस्तक का दूसरा पक्ष सृष्टिविज्ञान, ज्योतिर्विज्ञान, रसायनविज्ञान, आयुर्विज्ञान जैसे वैज्ञानिक तथा वाणिज्यिक तथ्यों को प्रस्तुत करता है जिनका स्रोत संस्कृतसाहित्य है। ये समस्त ग्रंथ प्रायः पद्यबद्ध हैं। तर्कसंग्रह तथा अर्थशास्त्रप्रभृति कुछ ग्रंथ गद्य खण्डों में भी उपनिबद्ध हैं।

मूलतः इस पुस्तक का संकलन संस्कृत के वैज्ञानिक साहित्य की ओर छात्रों की उत्सुकता बढ़ाने के निमित्त हुआ है। वन्दना की सामग्री, ईश की व्यापकता, राष्ट्र की समृद्धि, समता तथा पर्यावरण विषयक चेतना को जागरूक करती है। **सूक्तिसुधा** का कथ्य जीवन को व्यवस्थित तथा उन्नतिशील बनाने की प्रेरणा देता है। रामायण से संकलित पाठ्यांश मंत्रियों, सैनिकों तथा मंत्रणा की दिशा को उद्भासित करता है। महाभारत से ली गई सामग्री युधिष्ठिर और भीष्म पितामह के मध्य का संवाद है जिसमें भाग्य और कर्म में कौन प्रधान है — इस पर प्रकाश डाला गया है।

**आश्रमजीवनम्** पाठ वन में रहने वाले मुनियों के मनस्वी तथा तेजस्वी जीवन पर प्रकाश डालता है। **पंचमहाभूतानि** पाठ्यांश तर्कसंग्रह से संकलित है जिसमें पृथ्वी, जल, तेज, वायु तथा आकाश का विवरण बड़ी सूक्ष्मता से दिया गया है। शेष पाठ संस्कृत के वैज्ञानिक साहित्य से संबद्ध हैं।

इस संकलन में वन्दना के अतिरिक्त कुल ग्यारह पाठ हैं। वन्दना में कुल तीन वैदिक सूक्तियाँ हैं जिनमें एक ऋग्वेद से तथा शेष दो सूक्तियाँ यजुर्वेद से ली गई हैं। इनमें से एक मंत्र यजुर्वेद तथा ईशोपनिषद् दोनों में समान है। प्रथम सूक्ति में ईश की व्यापकता, द्वितीय में समता एवं समरसता तथा तृतीय में पर्यावरण के शांतिप्रद होने की प्रार्थना की गई है।

## संकलन के स्रोत

प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक में संकलित अंशों को मुख्यतः दो भागों में बाँटा गया है। प्रथम चार पाठों का स्रोत वेद, उपनिषद्, कथासाहित्य, रामायण, महाभारत और नाटक हैं जो संस्कृत का साहित्यिक पक्ष है। शेष पाठों का स्रोत संस्कृत का वैज्ञानिक और वाणिज्य संबंधी साहित्य है। जिन प्रतिनिधि आचार्यों या ग्रंथों से ये

पाठ्यांश संगृहीत हैं उनका सामान्य परिचय इस प्रकार है :

***वेद :*** वेद विश्व का प्राचीनतम साहित्य और विशालतम ज्ञान-भंडार है। इसमें धर्म से लेकर आचार तक, कला से लेकर व्यापार तक और नीति और व्यवहार से लेकर अध्यात्म तक के समस्त विषय वर्णित हैं। इसीलिए वेद ज्ञान है, वेद विचार है, वेद अस्तित्व है और वेद उपलब्धि है – ऐसा निर्वचनकारों का मत है। महर्षि कृष्ण द्वैपायन व्यास ने इसे चार भागों में संकलित किया – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। ऋग्वेद में पद्यात्मक आर्षवाणी का संकलन है। इसमें कुल दस मंडल, 1028 सूक्त तथा 10580 ऋचाएँ हैं। यजुर्वेद गद्यप्रधान है। यह यज्ञकर्म के लिए प्रसिद्ध है। इसकी दो प्रमुख शाखाएँ हैं– शुक्ल-यजुर्वेद और कृष्ण-यजुर्वेद। शुक्ल यजुर्वेद में 85 शाखाएँ हैं जिसमें वाजसनेयी शाखा के अंतर्गत काण्व शाखा प्राप्त है। शुक्ल यजुर्वेद में अध्याय एवं कंडिकाओं के रूप में मंत्र संगृहीत हैं। यजुर्वेद की तैत्तिरीयशाखा मण्डल, वल्ली और कंडिकाओं में विभक्त है।

***नीति :*** संस्कृत भाषा में नीतिविषयक साहित्य का विशाल भंडार है। प्रस्तुत पाठ **नीतिसुधा** में चाणक्यनीति तथा हितोपदेश से कुछ पद्य संकलित हैं। चाणक्य को चाणक्यनीति का निर्माता माना जाता है। अर्थशास्त्र के लेखक विष्णुगुप्त कौटल्य चाणक्यनीति के भी निर्माता हैं। ये कुटल गोत्र में उत्पन्न हुए थे इसलिए इन्हें कौटल्य कहते हैं। कुटिल नीतियों के निर्माता होने के कारण इन्हें कौटिल्य भी कहते हैं।

***हितोपदेश :*** हितोपदेश के प्रणेता नारायण हैं और सुदर्शन नामक राजा के मूर्ख पुत्रों को पढ़ाने वाले पंडित विष्णुशर्मा इसमें एक पात्र हैं। इस ग्रंथ में पशु-पक्षी और मनुष्यों की कथाओं के द्वारा उपदेश किया गया है। सरल उदाहरण देकर बालकों की शिक्षा के लिए इस ग्रंथ का निर्माण हुआ है। इस ग्रंथ से भी कुछ पद्य उक्त पाठ में संकलित हैं जो अत्यंत शिक्षाप्रद हैं।

***रामायण :*** रामायण, आदिकवि वाल्मीकि की रचना है इसीलिए आदिकाव्य है। इसका रचनाकाल सामान्यतः बुद्ध से पूर्व माना जाता है। रामायण में कुल सात कांड हैं– बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किन्धाकांड, सुन्दरकांड, युद्धकांड एवं उत्तरकांड। प्रस्तुत पाठ्यांश, अयोध्याकांड के सौवें सर्ग से संगृहीत है।

***महाभारत :*** इसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। महाभारत का रचनाकाल भी सामान्यतः बुद्ध से पूर्व माना जाता है। कतिपय विद्वान् इसको रामायण का समकालीन कहते हैं। महाभारत में कुल अठारह पर्व हैं— आदिपर्व, सभापर्व, वनपर्व, विराटपर्व, उद्योगपर्व, भीष्मपर्व, द्रोणपर्व, कर्णपर्व, शल्यपर्व, सौप्तिकपर्व, स्त्रीपर्व, शांतिपर्व, अनुशासनपर्व, आश्वमेधिकपर्व, आश्रमवासिकपर्व, मौसलपर्व, महाप्रस्थानिकपर्व एवं स्वर्गारोहणपर्व।

इस ग्रंथ में कौरव-पांडवों की उत्पत्ति से लेकर पाण्डवों के स्वर्ग जाने तक का वर्णन है। महाभारत में एक लाख श्लोक हैं इसलिए इसे **शतसाहस्रीसंहिता** भी कहते हैं। संपूर्ण संहिता व्यास द्वारा रचित है जिसके कारण यह **वैयासिकसंहिता** के नाम से भी प्रसिद्ध है। प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक का पाठ्यांश अनुशासनपर्व के छठे अध्याय से लिया गया है।इसमें युधिष्ठिर एवं भीष्मपितामह का परस्पर संलाप है जहाँ कर्म तथा भाग्य दोनों में कौन श्रेष्ठ है? इस पर विवेचन किया गया है।

***नाटककार भास*** : संस्कृत का नाट्य-साहित्य अत्यंत विपुल है और मुख्य नाटककारों में भास अन्यतम हैं। कालिदास और बाण ने भास को आदरपूर्वक स्मरण किया है। भास का समय सामान्यतः 300 ई०पू० माना जाता है। भास प्रणीत 13 नाट्य-कृतियाँ हैं— प्रतिमा, अभिषेक, बालचरित, पंचरात्र, मध्यमव्यायोग, दूतवाक्य, दूतघटोत्कच, कर्णभार, ऊरुभंग, स्वप्नवासवदत्त, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, अविमारक और चारुदत्त नाटक। प्रस्तुत पाठ्यांश भास के सर्वाधिक प्रसिद्ध नाटक **स्वप्नवासवदत्तम्** के प्रथम अंक से संगृहीत है जिसमें प्राचीन भारत के आश्रमवासी मुनियों के मनस्वी जीवन तथा आश्रमपरिवेश पर उत्तम प्रकाश पड़ता है। यह पाठ पर्यावरण की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है।

***तर्कसंग्रह*** : संस्कृत साहित्य में तर्कविज्ञान का विपुल भंडार है। तर्कसंग्रह, तर्कविज्ञान का एक प्रारंभिक सरल प्रकरण ग्रंथ है। इसके रचयिता अन्नंभट्ट हैं। इनका समय 17वीं शताब्दी है। इस ग्रंथ से संगृहीत पाठ में पाँच महाभूतों का वैज्ञानिक परिचय दिया गया है। पृथ्वी, जल, तेज, वायु तथा आकाश पंचमहाभूत हैं। इनमें प्रथम चार में से प्रत्येक के पाँच भेद बताए गये हैं। पाँचवाँ महाभूत आकाश एक ही प्रकार का माना गया है।

पाठ के प्रारंभ में महाभूतों का लक्षण दिया गया है तदनन्तर उनके भेद कहे गये हैं। उसके बाद प्रत्येक के नित्य एवं अनित्य पक्ष को समझाया गया है।

इसके पश्चात् इन चार महाभूतों के शरीर , इन्द्रिय और विषय के भेद से तीन-तीन प्रकार बताये गये हैं। इन भेदों का विवेचन बड़ा ही वैज्ञानिक है क्योंकि इन चार महाभूतों के शरीर को उन-उन महाभूतों के मुख्य लोकों में दिखाया गया है। यथा– पृथ्वी का शरीर प्राणियों के शरीर में बताया गया है। इसी तरह जल के शरीर को वरुण लोक में बताया गया है। तेज का शरीर आदित्य लोक में है और वायु का शरीर वायुलोक में है। इन्द्रियभेद का वर्णन करते हुए कहा गया है कि पृथ्वी का इन्द्रियमूलक भेद प्राणियों की नासिका में है, जल का इन्द्रियमूलक भेद जिह्वा के अग्रभाग में, तेज का इन्द्रियमूलक भेद प्राणियों के नेत्र की कनीनिका में तथा वायु का इन्द्रियमूलक भेद प्राणियों के त्वक् (चर्म) में स्थित है।

इसी प्रकार पृथ्वी का विषयमूलक भेद मिट्टी पाषाण आदि, जल का नदी, समुद्र, सरोवर आदि, तेज का स्वर्ण आदि एवं वायु का विषयमूलक भेद वृक्ष आदि के रूप में उपस्थित है। इन विभाजनों में महाभूतों के शरीर को उनके मुख्य स्थान में दिखाया गया है। इन्द्रिय वाले अंश को इस तरह दिखाया गया है कि प्राणियों की इन्द्रियों पर इनका क्या प्रभाव पड़ता है। विषयरूप में इन्हें उन विषयों पर दिखाया गया है, जिन अचेतन तत्त्वों पर उनका प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार यह पाठ दर्शन के पाँच महाभूतों का तर्कपूर्ण वैज्ञानिक प्रतिपादन है।

### प्रस्तुत संकलन में संस्कृत का वैज्ञानिक साहित्य

'विज्ञान' शब्द वि उपसर्ग पूर्वक ज्ञा धातु से ल्युट् प्रत्यय जुड़ने से निष्पन्न हुआ है जिसका तात्पर्य विशेष रूप से किसी भी ज्ञान की विधा को क्रमबद्ध जानना है। इस प्रकार विज्ञान की परंपरा में प्रत्यक्ष रूप से सांसारिक या लौकिक ज्ञान को अथवा सांसारिक अनुभव से प्राप्त ज्ञान को विशेष रूप से परख कर उसकी आलोचना, विवेचना तथा उसे प्रयोग की कसौटी पर कसा जाता है। ऐसी भ्रांत अवधारणा जनमानस के मन एवं मस्तिष्क पर बैठी हुई है कि विज्ञान के आकर्षक चमत्कार पाश्चात्य सभ्यता और आधुनिक खोजों की ही देन हैं। वस्तुतः ऐसा नहीं हैं।

सुदूर प्राचीन वैदिक काल से ही यत्र-तत्र प्रयोगात्मक विज्ञान के बिंदु, वेदों, ब्राह्मण-ग्रंथों तथा उपनिषदों में मिलते हैं, लेकिन शास्त्रों के रूप में भी संस्कृत भाषा-परंपरा में रची गयी विज्ञान की परंपरा प्राचीन सिद्ध होती है, जिससे

न केवल भारतीय विद्वान् अपितु Colebrooke, G.Thibaut, Burgess आदि विद्वान् भी सहमत हैं। शास्त्र के रूप में — खगोलशास्त्र, गणितशास्त्र, रसायनशास्त्र, चिकित्साशास्त्र, वास्तुशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, मानवविज्ञान, अर्थशास्त्र, वाणिज्य आदि न केवल विज्ञान की एक-एक अध्ययन विधा रह गये थे अपितु शास्त्रों के रूप में सर्वप्रसिद्धि को प्राप्त कर चुके थे। वराहमिहिर, आर्यभट, भास्कराचार्य, चरक, माधव, सुश्रुत, कौटिल्य आदि विश्वविख्यात विज्ञान-विषयक विद्वान् थे।

इसी गौरवशाली परंपरा का विद्यार्थियों को कुछ परिचय मिल सके तथा उनमें विश्लेषणात्मक बुद्धि उत्पन्न हो, प्राचीन भारतीय पद्धतियों का सामंजस्य, वे आज के विज्ञान से स्थापित कर सकें, इसलिए इस पुस्तक में चार वैज्ञानिक तथा दो वाणिज्य-संबंधी पाठों का संकलन किया गया है। उनकी पृष्ठभूमि में जो मूल ग्रंथ रहा है, उसका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है :

***सूर्यसिद्धांत :*** आज उपलब्ध सूर्यसिद्धान्त में 14 अधिकार और सब मिलाकर अनुष्टुप् छंद के 500 श्लोक हैं। इनमें भगणादि के मान आरंभ में दिए गये हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि कृतयुग के अंत में सूर्य की आज्ञा से सूर्यांशभूत पुरुष ने मय नामक असुर को यह सिद्धांत बताया अर्थात् शक संवत् 1817 के आरंभ में इसे बने 21,64,996 वर्ष हो गए। इसमें समय की इकाइयों का सूक्ष्म वर्णन, ग्रहों के मध्य तथा स्पष्ट गतियों की आनयन विधि, सूर्य व चंद्रग्रहण के मान के प्रकार तथा भूगोलादि का सुंदर व स्पष्ट विवरण मिलता है।

भारतीय खगोलशास्त्र की परंपरा में इसे एक आर्षग्रंथ की संज्ञा दी जाती है। **ब्रह्माण्डविज्ञानम्** उक्त ग्रंथ से संगृहीत पाठ्यांश है। ब्रह्मांडविज्ञान का विमर्श, पुराण ज्योतिर्विज्ञान एवं खगोलशास्त्र के ग्रंथों में विस्तृत रूप से प्राप्य है। इस पाठ में जहाँ ब्रह्मांड के मूल स्रोत को अद्वितीय ब्रह्म माना गया है वहीं इसमें विभिन्न ग्रहों, तारामंडल, भूलोकादि तथा ग्रह कक्षा का वर्णन भी किया गया है।

***चरकसंहिता*** : आयुर्विज्ञान से संबद्ध संस्कृत भाषा में विशाल साहित्य उपलब्ध है। इन ग्रंथों में चरकसंहिता का अति महत्त्वपूर्ण स्थान है। कहा गया है कि महर्षि पतंजलि का नाम चरक भी था। इनके संबंध में निम्नलिखित श्लोक प्रसिद्ध है:

***योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।***
***योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि।।***

**ऋतुचर्या** इसी ग्रंथ से संकलित है। स्वस्थ जीवन एवं आवश्यकतानुकूल कार्य के लिए समय के अनुकूल आहार की दिनचर्या अगर बरती जाय तो व्यक्तिगत रोग एवं तज्जन्य पारिवारिक तथा सामाजिक परेशानियों से बचते हुए कार्य-संपादन किया जा सकता है।

***भास्कराचार्य*** : भास्कराचार्य भारतीय गणितशास्त्र तथा ज्योतिर्विज्ञान की परंपरा में अद्वितीय विद्वान् थे जिनकी कीर्ति न केवल भारत में अपितु विश्व में फैली हुई थी। इन्होंने अपना जन्म स्थान सह्याद्रि पर्वत के निकट **विज्जडविड** ग्राम बताया है परंतु यह पता नहीं कि इसका वर्तमान नाम क्या है ? इन्होंने अपना जन्मकाल तथा ग्रंथनिर्माणकाल स्पष्ट भाषा में लिखा है। इनका जन्म 1114 ई० में हुआ और 36 वर्ष की आयु में इन्होंने **सिद्धान्तशिरोमणि** जैसे बृहत्काय ग्रंथ की रचना की।

**सिद्धान्तशिरोमणि** ग्रंथ के दो भाग हैं – *1. गणिताध्याय तथा 2. गोलाध्याय।* **ग्रहगणित** में पाटीगणित, अंकगणित, महत्त्वमापन (क्षेत्रफल, घनफल आदि का ) बीजगणित, भिन्नपरिकर्माष्टक आदि अनेक गणितीय विधियाँ स्पष्ट की गयी हैं। गोलाध्याय भास्कराचार्य की बौद्धिक प्रगल्भता का मूर्तरूप है। इसमें गोल की प्रशंसा, भूकेन्द्रित होकर खगोल का विवेचन, ज्योत्पत्ति, त्रिप्रश्न में दिशा-देश-काल आदि का ग्रहण, ग्रहों के उदय एवं अस्त का विवेचन, ऋतुवर्णन, यन्त्रविज्ञान तथा खगोलीय प्रश्नों का समाधान किया गया है। भास्कराचार्य ने स्वरचित पद्यात्मक गणित सिद्धांतों को स्पष्ट करने के लिए **वासनाभाष्य** नामक व्याख्या स्वयं की है।

**गणितविधि लीलावती** नामक ग्रंथ से संगृहीत है। भास्कराचार्य की यह पुस्तक लीलावती बालकों के लिए रचा गया संस्कृत में गणितशास्त्र का महत्त्वपूर्ण अंश है। कहा जाता है कि भास्कराचार्य ने अपनी व्युत्पन्नमति पुत्री लीलावती को संबोधित करके यह ग्रंथ लिखा है। इसमें प्रश्नोत्तर के रूप में पाटीगणित या अंकगणित (Arithmatic) क्षेत्रमिति आदि के प्रश्न रोचक रूप में उठाये गये हैं। अंत में आये गणितपाठ क्रमचय नामक अध्याय की भाषा बहुत ही ललित है। इस पर संस्कृत व हिन्दी में अनेक टीकाएं प्रकाशित हो चुकी हैं।

**प्राचीनयन्त्रविज्ञानम्** सिद्धान्तशिरोमणि के गोलाध्याय से संगृहीत है। इसमें प्राचीन यंत्रों को समय की इकाई के आकलन और वेध की दृष्टि से निर्मित किया गया है। वस्तुतः प्रत्यक्ष, जो आँख से आकाश में दिखाई पड़ता है और वेध, जो गणित के सिद्धांत पर गणना में आता है, उनमें प्राप्त अंतर को यंत्रों से परीक्षित किया जाता है। वेधशाला उन्हीं यंत्रों के संग्रह का स्थान है। यहाँ खगोलीय स्थितियों का वेध किया जाता है।

***आचार्य कौटिल्य*** : आचार्य कौटिल्य एक पारंगत राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, और नीतिसम्राट् तथा मौर्यसाम्राज्य के विपुलयश-विस्तार के महानायक थे। अपनी अद्वितीय तथा अद्‌भुत कृतियों के कारण इन्हें संस्कृत साहित्य जगत् में अपने विषय का एकमात्र विद्वान् होने का गौरव प्राप्त है। सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य ने विष्णुगुप्त नामक एक अद्‌भुत, कुटिलमति राजनीतिज्ञ ब्राह्मण की सहायता से मगध के नन्दवंश को विनष्ट कर तथा शक्तिशाली यवनराज सिकन्दर के प्रयत्नों को विफल कर लगभग 321ई० पूर्व में विराट् साम्राज्य की स्थापना की, जिसको मौर्य साम्राज्य कहते हैं। इनका एक लोकविश्रुत नाम चाणक्य है। चाणक्य उन्हें चणक का पुत्र होने के कारण और कौटिल्य उन्हें कुटिल राजनीतिज्ञ होने के कारण कहा जाता था। ये दोनों ही नाम इनके पितृप्रदत्त न होकर वंशनाम एवं उपाधिनाम हैं। इनका पितृप्रदत्त नाम विष्णुगुप्त था।

इन्होंने अर्थशास्त्र की रचना की जो अपने आप में एक विशेष एवं अनूठा ग्रंथ है। डा० शाम शास्त्री ने इसका अंग्रेजी अनुवाद तथा म०म०गणपति शास्त्री ने इसका संस्कृत अनुवाद कर इसे प्रामाणिक ग्रंथ बनाया है। इसमें पंद्रह अधिकरण हैं जिनका आरंभ विनयाधिकार से होकर प्रायः अर्थशास्त्र संबंधी सभी विषयों का पूर्ण विवेचन प्रस्तुत करता है। यथा — अध्यक्षप्रचार, दायविभाग, कण्टकशोधन, दण्डव्यवस्था, मण्डल-विवेचन, षाड्गुण्य का उद्देश्य, क्षय, स्थान एवं वृद्धि, अभियास्यत्कर्म, संग्राम एवं छावनियों की व्यवस्था, भेदकप्रयोग, दूतकर्म, दुर्गलम्भोपाय, शत्रुवध के प्रयोग। अंत में अर्थशास्त्र की युक्तियाँ दी गयी हैं।

भारतीय साहित्य परम्परा में यह अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, तथा वाणिज्य के मिश्रण का अद्‌भुत ग्रंथ है।

**शुल्क-व्यवहारः तथा व्यावसायिक-पत्र-व्यवहारः** इसी ग्रंथ से संकलित अंश हैं। राष्ट्र की समृद्धि के लिए राजस्व की प्राप्ति आवश्यक है। इससे राजकीय एवं सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना एवं व्यवस्था होती है जिससे राष्ट्र में विभिन्न विकास के कार्य संपादित किये जाते हैं। राजस्व पर ही उत्पादन व्यवस्था और उत्पादनादि तथा उससे प्राप्त विभिन्न शुल्कों से राजव्यवस्था संपन्न होती है। प्रस्तुत पाठ प्राचीनकाल में देयशुल्कों की प्रक्रिया और व्यवस्था की ओर संकेत देता है।

**व्यावसायिक-पत्र-व्यवहारः** में राजप्रशासन या राजप्रमुख किस प्रकार की आज्ञा या अधिसूचना प्रकाशित करता था, इसका दिग्दर्शन इस पाठ में किया गया है। वाणिज्यिक प्रबंधन में पत्र का प्राचीन रूप क्या था – इस दृष्टि से यह पाठ महत्त्वपूर्ण है।

पुस्तक के आरंभ में दी गई भूमिका से तत्त्वमूलक, मंत्रणामूलक, पर्यावरणमूलक, विज्ञान एवं गणितमूलक तथा वाणिज्यमूलक ग्रंथों का संक्षिप्त ज्ञान कराया गया है, साथ ही संस्कृत के वैज्ञानिक साहित्य का भी एक संक्षिप्त परिचय दिया गया है।

पाठों के प्रारंभ में पाठ परिचय दिए गये हैं जिससे संकलित अंश का प्रसंग सरलतया छात्रों के लिए बोधगम्य हो सके। कक्षा में छात्रों का ज्ञान बढ़े, इसके लिए पाठों के अंत में शब्दार्थ एवं टिप्पणी तथा व्यापक अभ्यास-प्रश्न दिये गये हैं। इनमें अर्थबोध, विषय-वस्तु-विस्तार और व्याकरण आदि से संबद्ध प्रश्नों का समावेश किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक की पाण्डुलिपि की समीक्षा के लिए आयोजित कार्यगोष्ठियों में आकर जिन विषय-विशेषज्ञों एवं संस्कृत अध्यापकों का मार्गदर्शन एवं सहयोग सुलभ हुआ है, संपादक उन सभी विद्वानों के प्रति हृदय से आभारी है। यद्यपि इस संकलन को यथासंभव छात्रोपयोगी एवं स्तर के अनुरूप बनाने का प्रयत्न किया गया है, तथापि इसे छात्रों के लिए और अधिक उपादेय बनाने के लिए अनुभवी संस्कृत अध्यापकों के सुझावों का हम सदैव स्वागत करेंगे।

# विषयानुक्रमणिका

# गांधी जी का जन्तर

तुम्हें एक जन्तर देता हूं। जब भी तुम्हें सन्देह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आजमाओ :

जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शकल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुंचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानि क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा सन्देह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

मो० क० गांधी

# वन्दना

**ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्।**
**तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।1।।**

**(यजुर्वेदः - 40/1) ईशोपनिषद्1**

***भावार्थ :*** सृष्टि में यह सब जो कुछ भी जड़ चेतन पदार्थ हैं वह ईश्वर से आवासित या आच्छादित हैं। अर्थात् सभी में ईश्वर का निवास है। अतः सभी लोग उस परमेश्वर के द्वारा दिए गए पदार्थों का ही परस्पर त्याग की भावना से भोग करें। किसी अन्य व्यक्ति के धन का लोभ न करें।।1।।

**समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम्।**
**समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।।2।।**

**(ऋग्वेदः - 10/192/3)**

***भावार्थ :*** इस मंत्र में ईश्वर मानवमात्र के लिए प्रेरणा देते हैं कि सभी के विचार समान हों। समिति अर्थात् सभाएँ और उनमें बैठकर लिए गए निर्णय समान हों। सभी के मन अर्थात् संकल्प तथा चित्त अर्थात् चिंतन एक जैसे हों। मैं तुम सब को एक ही विचार से युक्त करता हूँ तथा सभी के लिए एक ही जैसे (समान भाव से) हवि अर्थात् अन्न आदि भोग्य पदार्थ प्रदान करता हूँ।

अभिप्राय यह है कि परमात्मा एवं प्रकृति की ओर से सभी को उपभोग के साधन समान भाव से दिए गए हैं। अतः विचारों की एकता, भोगों की समानता तथा समरसता में ही सुख है।।2।।

**द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ँ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः**
**शान्तिरोषधयः शान्तिःवनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म**
**शान्तिः सर्व ँ शान्तिःशान्तिरेव शान्तिः सामा शान्तिरेधि।।3।।**
**(यजुर्वेदः 36/17)**

***भावार्थ :*** द्युलोक शांतिदायक हो, अन्तरिक्षलोक तथा पृथ्वीलोक शांतिदायक हों, जल एवं ओषधियाँ तथा वनस्पतियाँ शांति देने वाली हों, सभी देवता अथवा सृष्टि की दिव्य शक्तियाँ शांति देने वाली हों, ब्रह्म अर्थात् महान् परमेश्वर या उसका दिया हुआ ज्ञान वेद, शांतिदायक हो, सम्पूर्ण चराचर जगत् शांतिप्रद हों, सब जगह शांति ही शांति हो, ऐसी शांति मुझे प्राप्त हो और वह सदा बढ़ती ही रहे।

अभिप्राय यह है कि सृष्टि के कण-कण में शान्ति हो। सभी पदार्थ सभी के लिए सुख-शांतिदायक हों। समस्त पर्यावरण ही हमारे लिए सुखद एवं शांतिप्रद हो। सुख-शांति की यह धारा कभी कम न हो, सदा बढ़ती ही रहे।। 3।।

## प्रथमः पाठः

# सूक्तिसुधा

प्रस्तुत पाठ चाणक्य द्वारा रचित चाणक्य-नीति तथा नारायण पण्डित प्रणीत हितोपदेश से संकलित किया गया है। महर्षि चाणक्य द्वारा कहे गए मुक्तक पद्य जीवन को मूल्यवान् बनाने के लिए परम उपयोगी हैं। पद्य संख्या एक से पाँच में– किस स्थान पर निवास करना चाहिए, कौन मनुष्य का सच्चा मित्र है, गुणों की उपयोगिता, जल की महत्ता तथा श्रेष्ठ विद्यार्थी के वर्णन हैं। पद्य संख्या छह से दस हितकारी उपदेशों को सूचित करती है यथा मूर्ख व्यक्ति का प्रवीण होना, मनस्वी व्यक्ति का व्यवहार, पुरुष के छह दोषों का वर्णन तथा सांसारिक जीवनसुखों के वर्णन। जीवन को मधुर तथा उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए कतिपय मूल्यों की आवश्यकता होती है और ये नीतिपरक पद्य तथा हितकारी उपदेश जीवन को सुसंस्कृत एवं सार्थक बनाने में उपयोगी तथा सहायक सिद्ध होंगे।

**यस्मिन् देशे न सम्मानो न वृत्तिर्न च बान्धवाः।**
**न च विद्यागमः कश्चिद् वासं तत्र न कारयेत्।।1।।**
**आतुरे व्यसने प्राप्ते दुर्भिक्षे शत्रुसंकटे।**
**राजद्वारे श्मशाने च यस्तिष्ठति स बान्धवः।।2।।**
**कोऽतिभारः समर्थानां किं दूरं व्यवसायिनाम्।**
**को विदेशः सविद्यानां कोऽप्रियः प्रियवादिनाम्।।3।।**

अजीर्णे भेषजं वारि जीर्णे वारि बलप्रदम्।
भोजने चामृतं वारि भोजनान्ते विषप्रदम्।।4।।
सुखार्थी चेत् त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी चेत् त्यजेत् सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम्।।5।।
काचः काञ्चनसंसर्गाद् धत्ते मारकतीं द्युतिम्।
तथा सत्सन्निधानेन मूर्खो याति प्रवीणताम्।।6।।
कुसुमस्तबकस्येव द्वयी वृत्तिर्मनस्विनः।
सर्वेषां मूर्ध्नि वा तिष्ठेद् विशीर्येत वनेऽथवा।।7।।
धनानि जीवितार्थं च परार्थे प्राज्ञ उत्सृजेत्।
सन्निमित्तं वरं त्यागो विनाशे नियते सति।।8।।
षड्दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।9।।
अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षड्जीवलोकस्य सुखानि राजन्।।10।।

## शब्दार्थाः टिप्पण्यश्च

| | | |
|---|---|---|
| **विद्यागमः** | — | विद्यायाः आगमः, षष्ठी तत्पुरुष समास, विद्या की प्राप्ति। |
| **वृत्तिः** | — | वृत् + क्तिन् , आजीविका |
| **शत्रुसंकटे** | — | शत्रोः संकटः, तस्मिन्, पंचमी तत्पुरुष, शत्रु से संकट होने पर। |
| **व्यवसायिनाम्** | — | उद्यमशीलों के लिए। |
| **भेषजम्** | — | औषधि। |
| **भोजनान्ते** | — | भोजनस्य अन्ते, षष्ठी तत्पुरुष। |
| **सुखार्थी** | — | सुख चाहने वाला। |
| **धत्ते** | — | धारण करता है। |

| | | |
|---|---|---|
| **सत्सन्निधानेन** | — | सतां सन्निधानम्, तेन, षष्ठी तत्पुरुष, सज्जनों की संगति से। |
| **कुसुमस्तबकः** | — | कुसुमानां स्तबकः, षष्ठी तत्पुरुष, फूलों का गुच्छा। |
| **विशीर्येत** | — | नष्ट होवे। |
| **उत्सृजेत्** | — | त्याग दे। |
| **सन्निमित्तं** | — | श्रेष्ठ लक्ष्य के लिए। |
| **दीर्घसूत्रता** | — | कार्य के विषय में अधिक समय तक सोचते रहना, समय पर कार्य न करना। |
| **अर्थागमः** | — | अर्थस्य आगमः, षष्ठी तत्पुरुष, धन की प्राप्ति। |
| **अर्थकरी** | — | धन उत्पन्न करने वाली। |
| **प्रियवादिनी** | — | प्रिय बोलने वाली। |
| **अरोगिता** | — | किसी प्रकार के रोग का न होना (नीरोग होना )! |

## अभ्यासः

1. **संस्कृतेन उत्तरं देयम्**
   - क) अयं पाठः काभ्यां ग्रंथाभ्यां संकलितः ?
   - ख) कुत्र वासः न कर्त्तव्यः ?
   - ग) वारि कदा भेषजं भवति ?
   - घ) विद्यार्थी किम् त्यजेत् ?
   - ङ.) प्राज्ञः परार्थे किम् किम् उत्सृजेत् ?
   - च) मूर्खः कथम् प्रवीणताम् याति ?
   - छ) पुरुषेण के षड्दोषाः हातव्याः ?

2 **रिक्तस्थानपूर्तिः क्रियताम्**
   - क) यः ............................ तिष्ठति सः बान्धवः।
   - ख) जीवलोकस्य ......................... षट् सुखानि भवन्ति।
   - ग) मनस्विनः ............................ इव द्वयी वृत्तिः भवति।

**3. अधोलिखितयोः पद्यांशयोः भावार्थम् लिखत**

क) कोऽप्रियः प्रियवादिनाम्।

ख) सन्निमित्तं वरं त्यागो विनाशे नियते सति।

**4. क भागस्थपदैः सह ख भागस्यार्थानां मेलनं क्रियताम्**

| क | ख |
| --- | --- |
| विद्यागमः | विदुषाम् |
| व्यसने | शोभाम् |
| सविद्यानाम् | विद्याप्राप्तिः |
| द्युतिम् | पुष्पगुच्छस्य |
| कुसुमस्तबकस्य | विपत्तौ |
| मूर्ध्नि | कल्याणम् |
| भूतिम् | शिरसि |

**5. उदाहरणानुसारं विग्रहपदानि आधृत्य समस्तपदानि रचयत**

यथा – विद्यायाः आगमः = विद्यागमः

| विग्रहपदानि | | समस्तपदानि |
| --- | --- | --- |
| राज्ञः द्वारे | = | ..................... |
| भोजनस्य अन्ते | = | ..................... |
| काञ्चनस्य संसर्गात् | = | ..................... |
| अर्थस्य आगमः | = | ..................... |

## द्वितीयः पाठः

# रामकृत-कुशलप्रश्नः

प्रस्तुत अंश वाल्मीकिरामायण के अयोध्याकांड के सौवें सर्ग से संकलित है। भगवान् श्रीराम चित्रकूट में वनवास कर रहे हैं। भ्रातृविरह से पीड़ित भरत श्रीराम से मिलने आए हैं। श्रीराम भरत से मिलने के बाद उनसे कुशल-प्रश्न करते हैं। इस प्रकरण में भरत राम से राज्यव्यवस्था संचालन संबंधी ऐसे अनेक प्रश्न करते हैं जिनसे राजनीतिविज्ञान पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है।

श्रीराम ने भरत से प्रश्न किया है कि क्या उन्होंने मंत्रियों की नियुक्ति शास्त्रोक्त अपेक्षाओं के अनुरूप की है? क्या मंत्रणा शास्त्रविधि से करते हैं? क्या उनका वेतन भुगतान समय से किया जाता है? यह पाठ्यांश राज्यव्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इन्हीं बिंदुओं पर प्रस्तुत पाठ्यांश में विशद विवेचन किया गया है।

**जटिलं चीरवसनं प्राञ्जलिं पतितं भुवि।**
**ददर्श रामो दुर्दर्शं युगान्ते भास्करं यथा।।1।।**
**कथञ्चिदभिविज्ञाय विवर्णवदनं कृशम्।**
**भ्रातरं भरतं रामः परिजग्राह पाणिना ।।2।।**
**आघ्राय रामस्तं मूर्ध्नि परिष्वज्य च राघवम्।**
**अङ्के भरतमारोप्य पर्यपृच्छत सादरम् ।।3।।**
**कच्चिदात्मसमाः शूराः श्रुतवन्तो जितेन्द्रियाः।**
**कुलीनाश्चेङ्गितज्ञाश्च कृतास्ते तात मन्त्रिणः।।4।।**
**मन्त्रो विजयमूलं हि राज्ञां भवति राघव।**

सुसंवृतो मन्त्रिधुरैरमात्यैः शास्त्रकोविदैः।।5।।
कच्चिन्निद्रावशं नैषि कच्चित्कालेऽवबुध्यसे।
कच्चिच्चापररात्रेषु चिन्तयस्यर्थनैपुणम्।।6।।
कच्चिन्मन्त्रयसे नैकः कच्चिन्न बहुभिः सह।
कच्चित्ते मन्त्रितो मन्त्रो राष्ट्रं न परिधावति।।7।।
कच्चिदर्थं विनिश्चित्य लघुमूलं महोदयम्।
क्षिप्रमारभसे कर्म न दीर्घयसि राघव।।8।।
कच्चित्सहस्रान्मूर्खाणामेकमिच्छसि पण्डितम्।
पण्डितो ह्यर्थकृच्छ्रेषु कुर्यान्निःश्रेयसं महत्।।9।।
एकोऽप्यमात्यो मेधावी शूरो दक्षो विचक्षणः।
राजानं राजपुत्रं वा प्रापयेन्महतीं श्रियम्।।10।।
कच्चिन्मुख्या महत्स्वेव मध्यमेषु च मध्यमाः।
जघन्याश्च जघन्येषु भृत्यास्ते तात योजिताः।।11।।
अमात्यानुपधातीतान्पितृपैतामहांछुचीन्।
श्रेष्ठांछ्रेष्ठेषु कच्चित्त्वं नियोजयसि कर्मसु।।12।।
कच्चिद्धृष्टश्च शूरश्च धृतिमान्मतिमांछुचिः।
कुलीनश्चानुरक्तश्च दक्षः सेनापतिः कृतः।।13।।
कच्चिद्बलस्य भक्तं च वेतनं च यथोचितम्।
सम्प्राप्तकालं दातव्यं ददासि न विलम्बसे।।14।।
कालातिक्रमणाच्चैव भक्तवेतनयोर्भृताः।
भर्तुरप्यतिकुप्यन्ति सोऽनर्थः सुमहान्स्मृतः।।15।।

## शब्दार्थाः टिप्पण्यश्च

| | | |
|---|---|---|
| जटिलम् | — | जटाधारी को। |
| ददर्श | — | देखा। |

| | | |
|---|---|---|
| **दुर्दर्शम्** | — | दुःखपूर्वक देखा जाने योग्य। |
| **विवर्णवदनम्** | — | खिन्न मुख वाला। |
| **परिजग्राह** | — | ग्रहण किया। |
| **परिष्वज्य** | — | आलिंगन करके। |
| **आघ्राय** | — | सूँघकर। |
| **मन्त्रः** | — | मंत्रणा। |
| **शास्त्रकोविदैः** | — | शास्त्रस्य कोविदैः, षष्ठी-तत्पुरुष, शास्त्र के ज्ञाताओं के द्वारा। |
| **अवबुध्यसे** | — | जागते हो। |
| **मन्त्रयसे** | — | मंत्रणा करते हो। |
| **दीर्घयसि** | — | विलम्ब करते हो। |
| **अर्थकृच्छ्रेषु** | — | अर्थस्य कृच्छ्रेषु, षष्ठी-तत्पुरुष, धन की कठिनाइयों में। |
| **निःश्रेयसम्** | — | कल्याण। |
| **अमात्यः** | — | मंत्री। |
| **विचक्षणः** | — | निपुण। |
| **जघन्यः** | — | निंदनीय। |
| **एषि** | — | प्राप्त होते हो। |
| **नियोजयसि** | — | नियुक्त करते हो। |
| **दक्षः** | — | चतुर, निपुण। |
| **भक्तवेतनयोः** | — | भोजन और वेतन से। |
| **उपधातीतान्** | — | राजाओं के द्वारा किये गये मंत्रियों के परीक्षण से शुद्ध होकर निकले हुए। |
| **धृष्टः** | — | किसी के दबाव में न आने वाला। |

**सन्धिविच्छेदः**

| | | |
|---|---|---|
| पर्यपृच्छत | = | परि + अपृच्छत (आर्षप्रयोग) |
| नैषि | = | न + एषि |
| नैकः | = | न + एकः |
| ह्यर्थकृच्छ्रेषु | = | हि + अर्थकृच्छ्रेषु |
| कुलीनाश्च | = | कुलीनाः + च |
| भृत्याश्च | = | भृत्याः + च |
| कालातिक्रमणाच्चैव | = | काल + अतिक्रमणात् + च +एव |
| भर्तुरप्यतिकुप्यन्ति | = | भर्तुः + अपि + अतिकुप्यन्ति |
| सोऽनर्थः | = | सः + अनर्थः |

## अभ्यासः

1. **संस्कृतेन उत्तरं देयम्**
   - क) अयम् पाठः कस्माद् ग्रन्थात् सङ्कलितः ?
   - ख) जटिलः चीरवसनः भुवि पतितः कः आसीत् ?
   - ग) रामःकम् पाणिना परिजग्राह ?
   - घ) भरतम् कः अपृच्छत् ?
   - ङ) राज्ञां विजयमूलं किम् भवति ?
   - च) राज्ञः कृते कीदृशः अमात्यः क्षेमकरः भवेत् ?
   - छ) सेनापतिः कीदृग् गुणयुक्तः भवेत् ?
   - ज) बलेभ्यः यथाकालम् किं दातव्यम् ?

2. **रिक्तस्थानपूर्तिः क्रियताम्**
   - क) रामः ददर्श दुर्दर्शं युगान्ते.................... यथा।
   - ख) अङ्के ................. आरोप्य रामः सादरं पर्यपृच्छत।
   - ग) कच्चित् काले ................?

घ) पण्डितः हि अर्थकृच्छ्रेषु ................ कुर्यात्।

ङ) श्रेष्ठाच्छ्रेष्ठेषु कच्चित् एवं ............ नियोजयसि।

3. **सप्रसङ्गं व्याख्यायेताम्**

क) मन्त्रो विजयमूलं हि राज्ञां भवति राघव।

ख) कच्चित्ते मन्त्रितो मन्त्रो राष्ट्रं न परिधावति।

4. **प्रथमनवमश्लोकयोः स्वमातृभाषया अनुवादः क्रियताम्**

5. **अधोलिखितपदानां उचितमर्थं कोष्ठकाद् चित्वा लिखत**

क) दुर्दर्शम् =

ख) परिष्वज्य =

ग) आघ्राय =

घ) मूर्ध्नि =

ङ) निःश्रेयसम् =

च) विचक्षणः =

छ) बलस्य =

(आलिंगन करके), (सूँघकर), (कठिनाई से देखने योग्य), (निपुण), (सेना का), (शिर में), (कल्याण को)

6. **विपरीतार्थमेलनं क्रियताम्**

| | |
|---|---|
| एकः | शनैः |
| क्षिप्रम् | मूर्खः |
| पण्डितः | लघु |
| महत् | बहु |

7. **सन्धिविच्छेदः क्रियताम्**

यथा – कुलीनश्च = कुलीनः + च

भृत्याश्च =

धृष्टश्च =

अनुरक्तश्च =

शूरश्च =

## तृतीयः पाठः

# दैवपुरुषकारबलाबलम्

प्रस्तुत पाठ महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाभारत नामक महाकाव्य के अनुशासनपर्व से लिया गया है। इस पर्व के छठे अध्याय में युधिष्ठिर पितामह भीष्म से यह प्रश्न पूछते हैं कि भाग्य और कर्म में से कौन श्रेष्ठ है। उनके वक्तव्य का सार यह है कि कर्म के बिना भाग्य भी फलित नहीं होता। शुभ कर्म से सुख तथा पापकर्म से दुख की प्राप्ति होती है। कर्म से ही मनुष्य देवत्व को प्राप्त करता है। इस पाठ में युधिष्ठिर तथा भीष्म के इसी संवाद को प्रस्तुत किया गया है।

*युधिष्ठिर उवाच —*

**पितामह महाप्राज्ञ सर्वशास्त्रविशारद।**

**दैवे पुरुषकारे च किंस्विच्छ्रेष्ठतरं भवेत्।।1।।**

*भीष्म उवाच —*

**अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।**

**वसिष्ठस्य च संवादं ब्रह्मणश्च युधिष्ठिर।।2।।**

**दैवमानुषयोः किंस्वित्कर्मणोः श्रेष्ठमित्युत।**

**पुरा वसिष्ठो भगवान्पितामहमपृच्छत।।3।।**

**ततः पद्मोद्भवो राजन्देवदेवः पितामहः।**

**उवाच मधुरं वाक्यमर्थवद्धेतुभूषितम्।।4।।**

**नाबीजं जायते किञ्चिन्न बीजेन विना फलम्।**

बीजाद्बीजं प्रभवति बीजादेव फलं स्मृतम्।।5।।
यादृशं वपते बीजं क्षेत्रमासाद्य कर्षकः।
सुकृते दुष्कृते वापि तादृशं लभते फलम्।।6।।
शुभेन कर्मणा सौख्यं दुःखं पापेन कर्मणा।
कृतं सर्वत्र लभते नाकृतं भुज्यते क्वचित्।।7।।
ज्योतींषि त्रिदशा नागा यक्षाश्चन्द्रार्कमारुताः।
सर्वे पुरुषकारेण मानुष्याद्देवतां गताः।।8।।
अर्थो वा मित्रवर्गो वा ऐश्वर्यं वा कुलान्वितम्।
श्रीश्चापि दुर्लभा भोक्तुं तथैवाकृतकर्मभिः।।9।।
नादातारं भजन्त्यर्था न क्लीबं नापि निष्क्रियम्।
नाकर्मशीलं नाशूरं तथा नैवातपस्विनम्।।10।।
एवं चेत्कर्मफलं न स्यात्सर्वमेवाफलं भवेत्।
लोको दैवं समालम्ब्य उदासीनो भवेन्नतु।।11।।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।
आत्मैव चात्मनः साक्षी कृतस्याप्यकृतस्य च।।12।।

## शब्दार्थाः टिप्पण्यश्च

| | | |
|---|---|---|
| **सर्वशास्त्रविशारदः** | – | सभी शास्त्रों में कुशल। |
| **उवाच** | – | बोले। |
| **प्रभवति** | – | पैदा होता है। |
| **वपते** | – | बोता है। |
| **क्षेत्रम्** | – | खेत। |
| **सुकृते** | – | अच्छे कर्म में। |
| **दुष्कृते** | – | बुरे कर्म में। |
| **सस्यम्** | – | अन्न। |

| | | |
|---|---|---|
| **समृध्यते** | – | वृद्धि को प्राप्त करता है। |
| **त्रिदशाः** | – | देवता। |
| **क्लीबम्** | – | नपुंसक। |
| **तप्यते** | – | तप करता है। |
| **खम्** | – | आकाश। |
| **दैवम्** | – | भाग्य। |
| **रिपुः** | – | शत्रु। |
| **साक्षी** | – | गवाह। |

**सन्धिविच्छेदः**

| | | |
|---|---|---|
| किंस्विच्छ्रेष्ठतरम् | = | किंस्वित् + श्रेष्ठतरम् |
| आत्राप्युदाहरन्तीममितिहासम् | = | अत्र + अपि + उदाहरन्ति + इमम् + इतिहासम् |
| पद्मोद्भवः | = | पद्म + उद्भवः |
| श्रीश्चापि | = | श्रीः + च + अपि |
| भवेन्न | = | भवेत् + न |
| ह्यात्मनः | = | हि + आत्मनः |
| बन्धुरात्मैव | = | बन्धुः + आत्मा + एव |
| कृतस्याप्यकृतस्य | = | कृतस्य + अपि + अकृतस्य |

## अभ्यासः

1. **अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया देयानि**
   - क) पाठोऽयं कस्माद् ग्रन्थाद् उद्धृतः?
   - ख) महाभारतम् कः रचितवान्?

ग) युधिष्ठिरः पितामहं किम् अपृच्छत्?

घ) फलम् कस्माद् जायते?

ङ) जनः सर्वत्र किं लभते?

च) सर्वे केन मानुष्याद् देवतां गताः?

छ) लोकः कम् समालम्ब्य उदासीनो न भवेत्?

ज) कृतस्य अकृतस्य च कः साक्षी?

झ) अर्थाः कं कं न भजन्ति?

**2. समक्षकोष्ठकाद् उचितपदम् आदाय रिक्तस्थानपूर्तिः क्रियताम्**

क) .................. अर्थवद्धेतुभूषितम् मधुरं वाक्यम् उवाच।

(युधिष्ठिरः/पितामहः )

ख) .................... किंचित् न जायते। (बीजम्/ अबीजम्)

ग) यादृशं वपते बीजम् ................... लभते फलम्। (अयम् /तादृशं)

घ) सर्वे पुरुषकारेण ................. देवतां गताः। (मानुष्यात्/मृत्युलोकात्)

ङ) लोकः ............... समालम्ब्य उदासीनः न भवेत्। (धनम्/दैवम् )

**3. अधोलिखितानाम् आशयः स्पष्टीक्रियताम्**

क) नाबीजं जायते किञ्चिन्न बीजेन विना फलम्।

ख) कृतं सर्वत्र लभते नाकृतं भुज्यते क्वचित्।

ग) सर्वे पुरुषकारेण मानुष्याद्देवतां गताः।

**4. अधोलिखितौ पद्यांशौ व्याख्यायेताम्**

क) यादृशं वपते बीजं तादृशं लभते फलम्।

ख) आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।

**5. सन्धिविच्छेदः क्रियताम्**

| | | |
|---|---|---|
| यथा – नाबीजम् | = | न + अबीजम् |
| नाशूरम् | = | .................. |
| नातपस्विनम् | = | .................. |

| | | |
|---|---|---|
| वापि | = | .................. |
| नापि | = | .................. |
| नाकृतम् | = | .................. |
| कुलान्वितम् | = | .................. |

6. **अधोलिखितेषु पदेषु धातुं/ प्रत्ययं च पृथक्कृत्य लिखत**

| यथा – भूषितम् | भूष् | क्त |
|---|---|---|
| **पदम्** | **धातुः** | **प्रत्ययः** |
| स्मृतम् | ........... | ............. |
| कृतम् | ........... | ............. |
| गताः | ........... | ............. |
| उप्तम् | ........... | ............. |

7. **अधोलिखितपदानां विपरीतार्थकं पदं समक्षं प्रदत्तकोष्ठकात् चित्वा लिखत**

(पुरुषकारे, अकृतम्, दुःखम्, रिपुः, देवताः, पापेन, दुष्कृते)

| यथा – | दैवे | पुरुषकारे |
|---|---|---|
| | **पदम्** | **विपरीतार्थकपदम्** |
| | सुकृते | ........... |
| | शुभेन | ........... |
| | सौख्यम् | ........... |
| | कृतम् | ........... |
| | दैत्याः | ........... |
| | बन्धुः | ........... |

## चतुर्थः पाठः

# आश्रमजीवनम्

यह पाठ महाकवि भासकृत स्वप्नवासवदत्तम् नाटक के प्रथमांक से संकलित है। राजकुमारी पद्मावती अपनी आश्रमवासिनी माता से मिलने के लिए आश्रम में जाती है। वहाँ राजकुमारी के अंगरक्षक उसके मार्ग से लोगों को हटा रहे हैं। वृद्ध कंचुकी उन्हें समझाते हुए कहता है कि आश्रम के निवासी नगर के परिभवों से मुक्त होने के लिए यहाँ आकर रहते हैं। सांसारिक वासनाओं से मुक्त होने के कारण वे सर्वथा समादरणीय हैं। वहीं यौगन्धरायण के साथ वासवदत्ता भी पहुँची हुई है जो पद्मावती के व्यक्तित्व से प्रभावित है। यही प्रसंग इस पाठ में वर्णित है।

**यौगन्धरायणः** : (कर्णं दत्वा), कथमिहाप्युत्सार्यते? कुतः -

*धीरस्याश्रमसंश्रितस्य वसतस्तुष्टस्य वन्यैः फलै-*
*र्मानार्हस्य जनस्य वल्कलवतस्त्रासः समुत्पाद्यते।*
*उत्सिक्तो विनयादपेतपुरुषो भाग्यैश्चलैर्विस्मितः*
*कोऽयं भो? निभृतं तपोवनमिदं ग्रामीकरोत्याज्ञया।।*

**वासवदत्ता** : आर्य ! क एष उत्सारयति?

**यौगन्धरायणः** : भवति ! यो धर्मादात्मानमुत्सारयति।

**वासवदत्ता** : आर्य ! न ह्येवं वक्तुकामा, अहमपि नामोत्सारयितव्या भवामीति।

**यौगन्धरायणः** : भवति ! एवमनिर्ज्ञातानि दैवतान्यवधूयन्ते।

**वासवदत्ता** : आर्य ! तथा परिश्रमः परिखेदं नोत्पादयति, यथायं परिभवः।

| | | |
|---|---|---|
| यौगन्धरायणः | : | भुक्तोज्झित एष विषयोऽत्रभवत्या। नात्र चिन्ता कार्या। कुतः, |

*पूर्वं त्वयाप्यभिमतं गतमेवमासी-*
*च्छ्लाघ्यं गमिष्यसि पुनर्विजयेन भर्तुः।*
*कालक्रमेण जगतः परिवर्तमाना*
*चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः।।*

| | | |
|---|---|---|
| भटौ | : | उत्सरतार्याः, उत्सरत। |
| | | (ततः प्रविशति काञ्चुकीयः) |
| काञ्चुकीयः | : | सम्भषक ! न खलु न खलूत्सारणा कार्या। |
| उभौ | : | आर्य ! तथा। |
| | | (निष्क्रान्तौ) |
| यौगन्धरायणः | : | हन्त ! सविज्ञानमस्य दर्शनम्। वत्से ! उपसर्पावस्तावदेनम्। |
| वासवदत्ता | : | आर्य ! तथा। |
| यौगन्धरायणः | : | (उपसृत्य) भोः ! किङ्कृतेयमुत्सारणा। |
| काञ्चुकीयः | : | भोस्तपस्विन् ! |
| यौगन्धरायणः | : | (आत्मगतम्) तपस्विन्निति गुणवान् खल्वयमालापः। अपरिचयात्तु न श्लिष्यते मे मनसि। |
| काञ्चुकीयः | : | भोः ! श्रूयताम्। एषा खलु गुरुभिरभिहितनामधेयस्य अस्माकं महाराजदर्शकस्य भगिनी पद्मावती नाम। सैषा नो महाराजमातरं महादेवीमाश्रमस्थामभिगम्यानुज्ञाता तत्रभवत्या राजगृहमेव यास्यति। तदद्यास्मिन् आश्रमपदे वासोऽभिप्रेतोऽस्याः। |
| यौगन्धरायणः | : | (स्वगतम्)एवम् ! एषा सा मगधराजपुत्री पद्मावती नाम, या पुष्पकभद्रादिभिरादेशिकैरादिष्टा स्वामिनो देवी भविष्यतीति। ततः- |

*प्रद्वेषो बहुमानो वा संङ्कल्पादुपजायते।*
*भर्तृदाराभिलाषित्वादस्यां मे महती स्वता।।*

वासवदत्ता : (स्वगतम्) राजदारिकेति श्रुत्वा भगिनिकास्नेहोऽपि मेऽत्र संपद्यते।

(ततः प्रविशति पद्मावती सपरिवारा चेटी च )

चेटी : एत्वेतु, भर्तृदारिका, इदमाश्रमपदम्, प्रविशतु।

(ततः प्रविशत्युपविष्टा तापसी)

तापसी : स्वागतं राजदारिकायाः

वासवदत्ता : (स्वगतम्) इयं सा राजदारिका। अभिजनानुरूपं खल्वस्या रूपम्।

पद्मावती : आर्ये ! वन्दे।

तापसी : चिरञ्जीव। प्रविश जाते। प्रविश। तपोवनानि नामाऽतिथिजनस्य स्वगेहम्।

पद्मावती : आर्ये ! भवतु, भवतु। आर्ये ! विश्वस्तास्मि। अनेन बहुमानवचनेनानुगृहीतास्मि।

वासवदत्ता : (स्वगतम्) नहि रूपमेव, वागपि खल्वस्या मधुरा।

## शब्दार्थाः टिप्पण्यश्च

**उत्सार्यते** — हटाया जा रहा है।
**वन्यैः फलैः** — वन में पैदा होने वाले फलों से।
**मानार्हस्य जनस्य** — सम्मान के योग्य व्यक्ति का।
**त्रासः** — भय।
**उत्सिक्तः** — अहंकार से प्रमत्त।
**निभृतम्** — शांत।
**ग्रामीकरोति** — ग्राम बना रहा है।
**अनिर्ज्ञातानि** — अनजाने।
**अवधूयन्ते** — तिरस्कृत होते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **परिभवः** | – | तिरस्कार। |
| **प्रद्वेषः** | – | वैर। |
| **संवृत्ता** | – | हो गयी है। |
| **उपसर्पावः** | – | हम दोनों पास चलते हैं |

**सन्धिविच्छेदः**

| | | |
|---|---|---|
| ह्येवम् | = | हि + एवम् |
| नामोत्सारयितव्या | = | नाम + उत्सारयितव्या |
| भुक्तोज्झितः | = | भुक्त + उज्झितः |
| खल्वस्याः | = | खलु + अस्याः |
| सैषा | = | सा + एषा |
| तदद्य | = | तत् + अद्य |
| आसीच्छ्लाघ्यम् | = | आसीत् + श्लाघ्यम् |
| एत्वेतु | = | एतु + एतु |

## अभ्यासः

1. **अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया देयानि**
   - क) अयं पाठः कस्मात् पुस्तकात् संगृहीतः कश्च तस्य प्रणेता?
   - ख) "निभृतं तपोवनमिदं ग्रामीकरोत्याज्ञया" इति कः कथयति?
   - ग) "तथा परिश्रमः परिखेदं नोत्पादयति यथाह्ययं परिभवः" इति कस्याः वचनम्?
   - घ) भाग्यपङ्क्तिः किमिव गच्छति?
   - ङ) वासवदत्ता का अस्ति?
   - च) पद्मावती का अस्ति?
   - छ) पद्मावती केषु धर्मपीडाम् न इच्छति?
   - ज) वासवदत्ता पद्मावतीं दृष्ट्वा किं कथयति?

2. **रिक्तस्थानपूर्तिः क्रियताम्**

क) अनिर्ज्ञातानि .................. अवधूयन्ते।

ख) .................... अस्य दर्शनम्।

ग) एषा सा ..................... पद्मावती नाम।

घ) नहि रूपमेव .................... अस्याः मधुरा।

3. **सप्रसङ्गं व्याख्यायन्ताम्**

क) चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः।

ख) प्रद्वेषो बहुमानो वा सङ्कल्पादुपजायते।

ग) तपोवनानि नाम अतिथिजनस्य गेहम्।

4. **धीरस्याश्रमसंश्रितस्य, पूर्वं त्वयाप्यभिमतं इति श्लोकद्वयस्य स्वमातृभाषया अनुवादः कार्यः**

5. **सन्धिविच्छेदः क्रियताम्**

त्वयाप्यभिमतम् =

चोत्पादयन्ति =

वागपि =

तदपि =

6. **अधोलिखितपदानाम् समानार्थकं पदं कोष्ठकात् चिनुत**

क) परिभवः – (विभवः/ तिरस्कारः)

ख) निभृतम् – (शान्तम् / विभृतम् )

ग) उत्सारणा – (उत्प्रेरणा/ अपसारणा)

घ) आलापः – (विलापः / संलापः)

ङ) कुसुमानि – (सुमनानि / कुत्सितानि)

## पञ्चमः पाठः

# पञ्चमहाभूतानि

प्रस्तुत अंश तर्कसंग्रह से संकलित हैं। तर्कसंग्रह के प्रणेता श्री अन्नंभट्ट हैं। संकलित अंश में पाँच महाभूतों का परिचय दिया गया है। पाँचमहाभूत हैं - पृथ्वी, जल, तेज, वायु तथा आकाश। इन पाँचों महाभूतों का वैज्ञानिक विश्लेषण उद्धृत अंश में किया गया है।

इनमें प्रथमतः चार महाभूतों पृथ्वी, जल, तेज एवं वायु के लक्षण बताने के बाद प्रत्येक के पाँच भेद बताए गए हैं। आकाश का लक्षण बताकर उसको एक ही प्रकार का माना है।

ये चार महाभूत शरीर, इन्द्रिय और विषय में कहाँ कहाँ रहते हैं, इसका तात्त्विक विवेचन प्रस्तुत पाठ्यांश में किया गया है।

ये महाभूत शरीर रूप से अपने मूल स्थान में रहते हैं और इन्द्रिय रूप से प्राणियों की उन-उन इन्द्रियों में रहते हैं तथा विषय रूप से संबद्ध पदार्थों में रहते हैं।

**पृथिवी, अप्, तेजः, वायुः, आकाशश्चेति पञ्चमहाभूतानि। तत्र गन्धवती पृथिवी। सा द्विविधा - नित्याऽनित्या च। नित्या परमाणुरूपा। अनित्या कार्यरूपा। पुनस्त्रिविधा। शरीरेन्द्रियविषयभेदात्। शरीरमस्मदादीनाम्। इन्द्रियं गन्धग्राहकं घ्राणं नासाग्रवर्ति। विषयो मृत्पाषाणादिः।**

**शीतस्पर्शवत्य आपः। ताः द्विविधाः। नित्याऽनित्याश्च। नित्याः परमाणुरूपाः। अनित्याः कार्यरूपाः। पुनस्त्रिविधाः - शरीरेन्द्रियविषयभेदात्।**

शरीरं वरुणलोके। इन्द्रियं रसग्राहकं रसनं जिह्वाग्रवर्ति। विषयः सरित्समुद्रादिः।

उष्णस्पर्शवत्तेजः। तच्च द्विविधम्। नित्यमनित्यं च। नित्यं परमाणुरूपम्। अनित्यं कार्यरूपम्। पुनस्त्रिविधम्। शरीरेन्द्रियविषयभेदात्। शरीरमादित्यलोके प्रसिद्धम्। इन्द्रियं रूपग्राहकं चक्षुः कृष्णताराग्रवर्त्ति। विषयश्चतुर्विधो भौमदिव्योदर्याकरजभेदात्। भौमं वह्न्यादिकम्। अबिन्धनं दिव्यं विद्युदादि। भुक्तस्य परिणामहेतुरुदर्यम्। आकरजं सुवर्णादि।

रूपरहितः स्पर्शवान् वायुः। स द्विविधः - नित्योऽनित्यश्च। नित्यः परमाणुरूपः। अनित्यः कार्यरूपः। पुनस्त्रिविधः। शरीरेन्द्रियविषयभेदात्। शरीरं वायुलोके। इन्द्रियं स्पर्शग्राहकं त्वक् सर्वशरीरवर्ति। विषयो वृक्षादिकम्पनहेतुः। शरीरान्तःसंचारी वायुः प्राणः। स चैकोऽप्युपाधिभेदात् प्राणापानादिसंज्ञां लभते।

शब्दगुणकमाकाशम्। तच्चैकं विभु नित्यं च।

## शब्दार्थाः टिप्पण्यश्च

| | | |
|---|---|---|
